दैनिक भास्कर
16-Feb-2020
भीलवाड़ा जिला Page 3

# आशुभाषण में दिलीप और गायन में संदीप प्रथम

## शिक्षक-अभिभावक संवाद संगमः कॉलेज में हुए आयोजनों में अभिभावकों ने छात्रों की शैक्षणिक-सहशैक्षणिक गतिविधियां जानी

शाहपुरा | श्री प्रतापसिंह बारहठ राजकीय कॉलेज में प्राचार्य डॉ. हरमल रेबारी की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक संवाद संगम हुआ। अभिभावकों को छात्रों की शैक्षणिक-सहशैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान आशुभाषण प्रतियोगिता में दिलीप सिंह कानावत एवं संदीप वैष्णव प्रथम, बजरंग मारू द्वितीय तथा रेखा तेली तृतीय रही। देशभक्ति गायन में संदीप वैष्णव प्रथम, नैराज खटीक द्वितीय तथा रेखा तेली तृतीय स्थान पर रही।

मुख्य अतिथि एवं अभिभावक अध्यक्ष संचिना कला संस्थान रामप्रसाद पारीक ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक संवाद संगम की पहल स्वागत योग्य है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के हित में होते रहने चाहिए। मूलचन्द पेसवानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के मूल में कॉलेज को गुरुकुलीय गरिमा याद दिलाना है। अभिभावकों को इस पहल में उत्साह से सहभागिता निभानी चाहिए। अभिभावक कैलाश कोली ने विद्यार्थियों से गुरुजनों का आदर करने के लिए कहा। पवन पोरवाल, अनुज कांटिया, हीरालाल कुम्हार, अत्तू खां कायमखानी, तेजमल भील, रामप्रकाश काबरा, शांतिलाल लक्षकार, शिवशंकर शर्मा, आनंदसिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. मधु दरगड़, प्रो. रामावतार मीना, डॉ. पुष्करराज मीणा, प्रो. चेतनलाल रेगर, डॉ. नीरज सैनी, डॉ. अनिल कुमार श्रोत्रिय, डॉ. स्वप्ना जैन, प्रो. सत्यजीत जेटली, प्रो. जयकृष्ण त्रिपाठी एवं डॉ. हंसराज सोनी उपस्थित थे। संचालन संवाद संगम प्रभारी प्रो. मूलचंद खटीक ने किया।


मांडलगढ़


बनेड़ा

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता हुई...

मांडलगढ़. श्री शिवचरण माथुर राजकीय कॉलेज में शनिवार कॉलेज कम्युनिटी कनेक्ट कार्यक्रम में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी सूर्यप्रकाश पारीक ने बताया कि मुख्य अतिथि राजेशकुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि बजरंग सिंह कानावत एवं नीमा चंदनानी थे। सहायक आचार्य सिद्धार्थ देसाई ने कॉलेज की गतिविधियों, कौशल विकास, प्रतियोगी कक्षाओं एवं खेल उपलब्धियों संबंधी जानकारी दी। अंजलि अग्रवाल ने वाणिज्य विषय में रोजगार के अवसर बताए। आशुभाषण प्रतियोगिता में पिंकीकंवर राणावत प्रथम, अंजलि चंदनानी द्वितीय एवं प्रीति कंवर कानावत तृतीय रही। संचालन निधि स्वर्णकार ने किया। प्राचार्य सुमित्रादेवी साहू ने आभार ज्ञापित किया। छात्रसंघ अध्यक्ष सोनुकुमार वैष्णव, महासचिव धन्नालाल धाकड़ ने भी संबोधित किया।

**यातायात नियमों की जानकारी दी...**बनेड़ा. राजकीय कॉलेज में शनिवार को प्राचार्य एसएल श्रीमाल की अध्यक्षता में संवाद संगम कार्यक्रम हुआ। उदयपुर के जिला परिवहन अधिकारी ओमप्रकाश बैरवा मुख्य अतिथि थे। शाहपुरा परिवहन निरीक्षक शाहपुरा अनिलकुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। बैरवा ने यातायात नियमों की पालना करने के लिए कहा।यातायात नियमों की जानकारी देने वाली पुस्तिकाएं 'सड़क सुरक्षा' एवं 'लाइसेंस से ड्राइविंग तक हर जानकारी' वितरित की गई। सहायक प्रोफेसर एनके शर्मा, एसपी राठौड़ उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्रोफेसर सुबोधकुमार शर्मा ज्ञापित किया।

**वार्षिक उत्सव उमंग 19 को..**शाहपुरा के प्रतापसिंह बारहठ कॉलेज में वार्षिक उत्सव 'उमंग' 19 फरवरी को सुबह 10.30 बजे होगा। संयोजक डॉ. पुष्करराज मीणा ने बताया कि एकल गान, एकाभिनय, समूह गान, एकल व समूह नृत्य, विचित्र वेषभूषा आदि प्रतियोगिता होगी। अगले दिन 20 फरवरी को पारितोषिक वितरण समारोह होगा।



3. Yoga & Meditation Programme in college :-




